राज्य	अल्प शक्ति ट्रांसमीटर का स्थल
गुजरात	राजुला
	उमेरगांव
	मेडासा
तमिलनाडु	चिदम्बरम
पश्चिम बंगाल	बलरामपुर
महाराष्ट्र	पांढरकवड़ा
	भण्डारा
	पाटन(सतारा)
मध्य प्रदेश	पेंडरा रोड
राजस्थान	नवलगढ़
	मकराना
	सागवाड़ा
आंध्र प्रदेश	देवरकोन्ड
	वल्दाना
कर्नाटक	डन्डोली
नागालैण्ड	मोकॉकचुंग (डी.डी.-2)

(ख) चालू परन्तु प्रसारण न करने वाली परियोजनाएं

पश्चिम बंगाल	बासंती
	बिशनपुर
	राइना
उड़ीसा	सेहाला
त्रिपुरा	तेलियामुरा

कश्मीर तथा पूर्वोत्तर क्षेत्रों से संबंधित फिल्में बनाने के लिए दूरदर्शन को निधियों का अनुदान

1518. **श्री बालकवि बैरागी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गृह मंत्रालय ने 1998-99 के वर्ष के लिए कश्मीर तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में व्याप्त उग्रवादी गतिविधियों के विरूद्ध छोटी-बड़ी फिल्में, वृत्तचित्र, सूचना फिल्में तथा तथ्य-वृत्त चित्र बनाने के लिए दूरदर्शन या सूचना और प्रसारण मंत्रालय को पर्याप्त धनराशि देने का प्रस्ताव किया है;

(ख) यदि हां, तो यह राशि कितनी है तथा इसमें से कितनी राशि प्राप्त की जा चुकी है;

(ग) किस-किस संस्थाओं/व्यक्ति या निर्माता को कौन-कौन सी फिल्म बनाने का काम दिया गया है;

(घ) उन निर्माताओं को कितनी धनराशि दी गई है, व्यक्तिवार या संस्थावार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यह योजना कब समाप्त होगी?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख्तार नक़वी): (क) और (ख) मीडिया पर सचिवों के कोर ग्रुप की सिफारिशों के आधार पर वित्त मंत्रालय ने प्रसार भारती (दूरदर्शन और आकाशवाणी) द्वारा जम्मू तथा कश्मीर में जीवन के विकासात्मक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं अन्य पहलुओं और विभिन्न रूपों में विशेष कार्यक्रमों के निर्माण के लए 14.66 करोड़ रु० की अतिरिक्त विशेष राशि (10.00 करोड़ रू० चालू वित्तीय वर्ष 1998-99 के लिए तथा 4.66 करोड़ रु० बकाया देयताओं को पूरा करने के लिए) अनुमोदित की है। इसी तरह, प्रसार भारती द्वारा उत्तर-पूर्व के संबंध में सॉफ्टवेयर के निर्माण के लिए भी वित्त मंत्रालय द्वारा वर्ष 1998-99 के लिए 8.00 करोड़ रू० की अतिरिक्त राशि अनुमोदित की गई है।

(ग) और (घ) ब्यौरा अनुपत्र में दिया गया है। **[देखिए परिशिष्ट 186, अनुपत्र सं० 29]**

(ङ) प्रसार भारती द्वारा जम्मू तथा कश्मीर और उत्तर-पूर्व पर विशेष सॉफ्टवेयर का निर्माण, एक सतत स्कीम है जो कि सरकार द्वारा अतिरिक्त निधियां प्रदान करने पर निर्भर करती है।

Assistance by National Film Development Corporation for making regional films in Orissa

1519. SHRI RAHASBIHARI BARIK: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether financial assistance has been given for making films for big screen, telefilm, video-cassettes etc. in regional languages during each of the last three years;

(b) if so, details thereof, language-wise; and

(c) the role of National Film Development Corporation for helping in film making in regional languages of Orissa?